# चुनाव समिति राजस्थान अधीनस्थ कम्प्यूटर कर्मचारी संघ
## जिला इकाई – जयपुर

| राकेश साहू<br>मुख्य निर्वाचन अधिकारी<br>7737838083 | विकास मीना<br>उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी<br>8239627346 | राजकुमार<br>उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी<br>9414463068 |
|---|---|---|

क्रमांक :– **Election/ Jaipur/10** दिनांक 13.12.2024

## निर्वाचन सूचना

राजस्थान अधीनस्थ कम्प्यूटर कर्मचारी संघ जिला जयपुर संगठन के जिला स्तर पर जिला अध्यक्ष के चुनाव सम्पन्न करवाये जाने हेतु आवश्यक विचार–विमर्श पश्चात चुनाव समिति द्वारा मतदान संबधी निम्नानुसार निर्णय लिये गये है–

1. मतदान **दिनांक 21.12.2024** को **राजकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, Government Central Press, C Scheme, Ashok Nagar, Jaipur** करवाना तय किया गया है। अधिसूचना के अन्त में दिया गया QR Code Scan करके लोकेशन प्राप्त की जा सकती है।
2. मतदान का समय **प्रातः 10:00 बजे से 04:00 बजे** तक तय की गया है, उपरोक्त समय पश्चात भी जो मतदान बूथ की कतार में होगें उन सभी का मतदान करवाया जायेगा।
3. मतदाता अपने अनिवार्य रूप से कार्यालय का **पहचान पत्र** अथवा **पे–स्लिप और आधार कार्ड** लेकर आये। उपरोक्त नही होने की स्थिति में मतदाता स्वयं जिम्मेंदार होगा।
4. मतदान मतपत्र के माध्यम से होगा, मतदाता को जो मतपत्र जारी किया जावेगा, मतदाता उसमें इच्छुक प्रत्याक्षी के सामने मोहर लगाकर अपने विकल्प का चुनाव करेगा और उसे भली–भॉती मोडकर मतपेटी में डालेगा।
5. मतदान के दौरान आर्दश आचार सहिता प्रभावी रहेगी, कोई भी नामांकित प्रत्याशी किसी मतदाता को मतदान के लिये विवश नही करेगा, ऐसा करने पर आवश्यक कार्यवाही की जावेगी।
6. मतदाता बिना किसी बहकावें के निष्पक्ष रूप से अपने मत का प्रयोग करें।
7. मतगणना पूर्ण मतदान पश्चात **सायः 04:00 से 05:00 बजे** के मध्य की जावेगी।
8. मतगणना के दौरान सभी के लिये मोबाईल का प्रयोग पूर्णतयाः प्रतिबन्धित है, सभी अपना मोबाईल मुख्य निवार्चन अधिकारी को जमा करवा देवें।
9. मतगणना पश्चात चुनाव परिणाम की घोषणा 05:00 बजे पश्चात की जावेगी और जीतने वाले प्रत्याक्षी को चुनाव समिति की तरफ से निर्वाचक प्रमाण पत्र दिया जावेंगा।
10. मतदान बूथ के अन्दर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उप निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचन अधिकारी, ऐजण्ट (नांमाकन अनुसार एक) व्यक्तियो को ही प्रवेश मान्य होगा।
11. सभी मतदाता मतदान बूथ पर शालीनता एवं निर्वाचन की मर्यादा बनाये रखे।
12. मतदान के दिन आदर्श आचार संहिता प्रभावी रहेगी। अतः सभी सदस्य आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करेंगें।

**चुनाव के समस्त दायित्व एवं शक्तियां चुनाव समिति के अधीन होंगी।**

Rakesh Sahu

राकेश साहू
मुख्य निर्वाचन अधिकारी

मतदान स्थल की लोकेशन के लिये QR Code Scan करे।